ई, मेल :- dforudraprayag @gmail.com
फोन / फैक्स नं0 :– 01364 – 233505::
पता –: माई की मढ़ी निकट जवाडी बाईपास रूद्रप्रयाग

# कार्यालय उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

पत्रांक 1659 /12-1(2) दिनांक 05/02 /2020::

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण शाखा, उत्तराखण्ड
पेयजल संसाधन विकास एवं
निर्माण निगम
रूद्रप्रयाग।

विषय :– **रूद्रप्रयाग नगर पम्पिंग योजना के स्थलीय निरीक्षण के सम्बन्ध में।**

उपरोक्त परियोजना का स्थलीय निरीक्षण अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 03.02.2020 को आपके व वन विभाग के कर्मचारियों के साथ किया गया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान मौके पर पाया गया कि जिस स्थल पर परियोजना का एम0पी0एस0 (Main Pumping Station) का निर्माण किया जाना है वह भूमि पूर्व से ही एन0एच0आई0डी0सी0एल0 को राष्ट्रीय राजमार्ग–58 के चौडीकरण एवं सुधारीकरण के मक्क डम्पिंग स्थल हेतु हस्तांतरित है। अतः आप एन0एच0आई0डी0सी0एल0 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सम्पर्क कर उक्त स्थल का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर इस कार्यालय को प्रेषित करें तथा वन भूमि हस्तांतरण प्रस्ताव में संलग्न बार चार्ट का अवलोकन करने पर पाया गया कि बार चार्ट में आप द्वारा नाप भूमि भी दर्शायी गयी है जबकि मौके पर सिविल एवं आरक्षित वन भूमि ही पायी गयी है।

उपरोक्त दोनों आपत्तियों का निराकरण कर शीघ्र सूचना इस कार्यालय को प्रेषित करें तत्पश्चात् प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जानी सम्भव होगी।

उप वन संरक्षक,
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

*संख्या– / दिनांकित।*
*प्रतिलिपिः–* जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग को सूचनार्थ प्रेषित।

उप वन संरक्षक,
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।